16/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कडी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा चुने जाने के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता टोल फ्री नंबर 18 00-11-78 00 के माध्यम से अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। आप अपने विचार नरेंद्र मोदी ऐप या MyGov Open Forum के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। अट्ठाईस जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी पर प्रादेशिक भाषाओं में किया जाएगा।

0000000000000000000000000000

गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था और अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान श्री शाह ने हाल ही में केन्द्र शासित प्रदेश में हुए आंतकी हमलों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि जिस प्रकार से कश्मीर घाटी में आंतकी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की योजना से सफलता प्राप्त की गई वही योजना जम्मू क्षेत्र में भी लागू की जाए। वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस महीने की उनतीस तारीख को शुरू होकर उन्नीस अगस्त तक चलेगी।

00000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाईक, ने ईद उल जुहा के शुभ अवसर पर राज्य के लोगों और मुस्लिम समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह उत्सव पूरे राष्ट्र में सार्वभौमिक भाईचारे, सम्मान और शांति और समृद्धि की भावना को और मजबूत करेगा। राज्यपाल ने अपने संदेश में कामना की, "यह पवित्र अवसर समाज और राष्ट्र में हमारी समग्र संस्कृति और सद्भाव को सुरक्षित बनाए रखे।"

00000000000000000

ईटानगर के डीके कन्वेंशन हॉल में शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल मीडिया से बात करते हुए कहा कि "सभी विभाग संबंधित मंत्रियों को सौंप दिए गए हैं।" उनके पिछले अनुभवों को देखते हुए हम राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसे पूरा करने के लिए टीम अरुणाचल के रूप में नागरिकों से समान सहयोग की आवश्यकता है।" उन्होंने आगे कहा, "चूंकि बीजेपी, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए हमने संबंधित महिला प्रतिनिधि को संबंधित विभाग दिया है।

"हालांकि वह अब कैबिनेट में अकेली महिला मंत्री हैं, लेकिन आने वाले वर्षों में हम निश्चित रूप से महिलाओं को अधिक सीटें देंगे।"

00000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने गुजरात के भुज में बने **स्मृतिवन भूकम्प स्मृति संग्रहालय** का चयन **यूनस्को प्रिक्स वर्साई संग्रहालय** के लिए किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि स्मृति-वन वर्ष 2001 में आए विनाशकारी भूकम्प में अपने प्राण गंवाने वालों को श्रद्धांजलि-स्वरूप है। श्री मोदी ने कहा कि यह मनुष्य की जिजीविषा और साहस के प्रति एक विनम्र स्मरण भी है।

00000000000000000

भारतीय वायु सेना की एक टुकड़ी ने अमरीका के अलास्का में आयोजित रेड फ़्लैग 2024 अभ्यास में भाग लिया। इस अभ्यास का यह दूसरा संस्करण था। ये एक उन्नत हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास है, जो अमेरिकी वायु सेना द्वारा वर्ष में चार बार आयोजित किया जाता है। इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ सिंगापुर गणराज्य वायु सेना, ब्रिटेन की रॉयल वायु सेना, रॉयल नीदरलैंड वायु सेना, जर्मन लूफ़्टवाफे और अमेरिकी वायु सेना की भागीदारी रही। इसमें भारतीय वायुसेना दल के राफेल विमान और वायुसैनिकों, तकनीशियनों, इंजीनियरों, नियंत्रकों और विशेषज्ञों ने भाग लिया।

यह पहला अवसर था जब भारतीय वायुसेना के राफेल विमान ने इसमें भाग लिया। इस युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास को 4 जून से चौदह जून तक आयोजित किया गया।

00000000000000000

रेलवे का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। रेलवे को यह सम्मान कई स्थानों पर सार्वजनिक सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने पर मिला है। इस वर्ष छब्बीस फरवरी को रेल मंत्रालय के एक कार्यक्रम में दो हजार से अधिक स्थानों पर 40 लाख उन्नीस हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेलवे पुलों पर सड़क के उद्घाटन और रेल स्टेशनों की आधारशिला रखने के किया गया था।

00000000000000000

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 6 दिनों के दौरान उत्तर-पूर्व भारत में भारी से बहुत भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है। मौसम केंद्र ईटानगर ने अगले चौबीस घंटों के लिए ईटानगर, नाहरलागुन और पड़ोसी स्थान पर आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश तथा गरज के साथ बौछारें पड़ने की अनुमान की है।

00000000000000000